हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 जानलेवा रफ्तार से महीनेभर में 32 सड़क...



11 जिला स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
27 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
9

खबर संक्षेप

किसानों का आज महानदी भवन घेराव

बालोद/कलंगपुर। भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आह्वान पर बालोद जिले से 27 अक्टूबर को किसानों द्वारा नवा रायपुर के महानदी भवन घेराव का आयोजन किया गया है, भवन घेराव 11 बजे किया जाएगा। अन्नदाता गर्जना रैली में किसान धान कि बोनस सहित 10 मांगे उठाएंगे। जिला किसान संघ अध्यक्ष सांवत राम साहू ने बताया कि वर्ष 2022–23 की धान खरीदी का 1700 करोड़ रुपए बोनस तत्काल दिया जाए, प्रति बोरी 40 किलो, 700 ग्राम तौल का आदेश जारी हो, टोकन व्यवस्था में सुधार कर बड़े किसानों को 5 टोकन और लघु एवं सीमांत किसानों को 3 टोकन व 2 टोकन मिलें। दबाव डालकर खाता समर्पण करना बंद हो, किसानों का फसल बाढ़ से प्रभावित हुआ है उसका निरीक्षण कर क्षतिपूर्ति दिया जाए, मक्का एवं गेहूं का समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जाए, अधिक मुल्य पर खाद बिक्री रुके व ऐसे विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई हो, सिंचाई परियोजना की स्वीकृति एवं गौ संरक्षण की मांग भी किया गया है।

सियासत : जय स्तंभ चौक पर कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

विवादित बयान पर भाजयुमो ने किया मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई अभद्र भाषा एवं अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में सोमवार को जिला मुख्यालय बालोद के जय स्तंभ चौक में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के निर्देशानुसार प्रदेशभर में आयोजित विरोध प्रदर्शन के क्रम में भाजयुमो जिला बालोद के जिलाध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान बनाए रखना आवश्यक है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से अपने बयानों में संयम एवं मर्यादा बनाए रखने की अपेक्षा की।

- जिलाध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन





ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष गुलशन साहू, जिला महामंत्री अनूप देशमुख, जिला महामंत्री हिमांशु साहू, जिला उपाध्यक्ष सौरभ जैन, जिला मंत्री लवन साहू, आशुतोष कौशिक, देवेन्द्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष ढालेंद्र सार्वा, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जिला कार्यालय मंत्री राहुल साहू, जिला प्राचार प्रसार प्रमुख जागेश्वर धीमर, जीत यादव, जिला स्वाध्याय प्रमुख तेषांत देशमुख, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समीर खान ,भाजपा मंडल से राकेश बाफना, संतोष कौशिक, प्रतिमा यादव, दीप्ति यादव, मनीष माधवानी, भूपेंद्र अग्रवाल, भाजयुमो बालोद मंडल अध्यक्ष राहुल सोनी, गुण्डरदेही मंडल अध्यक्ष नीतीश सोनकर, जुंगेरा मंडल अध्यक्ष लोकेश देवांगन, बालोद भाजयुमो मंडल महामंत्री कमल बजाज, तुषार धीमर, कोषाध्यक्ष वैभव रखेचा, अर्पित दुबे, पुष्कर देशमुख, योगु ठाकुर सहित जिला पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री के पिता पर अभद्र टिप्पणी से पिछड़ा वर्ग में आक्रोश

अंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के द्वारा किए जाने पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कड़े शब्दों में निंदा की है संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ा वर्ग के धरोहर है फिर भी किसी के दिवंगत पिता के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करना किसी राजनेता को शोभा नहीं देता। संगठन के अन्य नेताओं में साहू समाज के सोमनाथ साहू युवा सेन समाज के महासचिव बाला राम सेन देवागन समाज के पदाधिकारी रमेश देवांगन मुकेश देवांगन कलार समाज के महासचिव राजा जायसवाल मानिकपुरी समाज उपाध्यक्ष देवदास मानिकपुरी कुर्मी समाज के संगठन मंत्री गोपाल वर्मा छत्तीसगढ़ प्रवक्ता एवं सचेतक हीरा लाल निर्मलकर छत्तीसगढ़ धोबी समाज युवा महामंत्री पिंटू निर्मलकर सहित अनेक नेताओं ने कहा है इसी प्रकार से रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी रहे स्वर्गीय पंडित विद्या चरण शुक्ल के जनसभा में एक कांग्रेसी नेता ने उस समय ▶▶ शेष पेज 10 पर

बिजली जनांदोलन और 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद की मासिक बैठक राजीव भवन बालोद में संपन्न हुई, जिसमें बिजली जनांदोलन एवं वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने बिजली दरों में वृद्धि को वापस लेने, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः लागू करने एवं स्मार्ट मीटर हटाए जाने की मांग को लेकर घर–घर जाकर आवेदन पत्र भरवाने के अभियान को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों से अतिशीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि छग सरकार द्वारा 15 नवंबर से शुरू हो रहे धान खरीदी के नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि किसान या नॉमिनी के फिंगरप्रिंट से सत्यापन कर धान खरीदी होगी, ओटीपी से नहीं। सभी टोकनों में मात्रा बराबर–बराबर निर्धारित होगी और यदि टोकन के मात्र से किसान का धान कम हो गया तो शेष मात्र स्वतः निरस्त हो जाएगी और अगले टोकन में नहीं जुड़ेगी। ये सरकार किसान विरोधी है, पिछले वर्ष जबरदस्ती रकबा समर्पण करवाया गया और अब अव्यावहारिक नीतियों से किसानों का कम धान खरीदने नए हथकंडे अपना रही है।

- धान खरीदी नीति, मतदाता सूची और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा निशाना

लेखराम साहू ने कहा यदि मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं अथवा नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित किए जाने की ▶▶ शेष पेज 10 पर





खबर संक्षेप

ताला तोड़ डेली निड्स की दुकान से नकदी पार

भिलाई। निकुम के भैयालाल डेली निड्स दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। प्रार्थी भैया लाल साहू उम्र 40 वर्ष के शिकायत पर अंडा थाना पुलिस ने धारा 305(ए) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। 24 अक्टूबर को अपनी दुकान पर रात करीब 10.40 बजे ताला लगाकर घर चले गए थे। रविवार सुबह 8 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था। काउंटर के दराज में रखे 1,2,5,10 रुपए के सिक्के और 100, 200, 500 रुपए का नोट करीब 25000 रुपए नहीं था।

एयर गन दिखाकर रुपए लूटने वाला गिरफ्तार

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र में पिस्टलनुमा एयर गन दिखाकर आहाते के गल्ले से नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आहाता संचालक को जान से मारने की धमकी देकर गल्ले से 5400 रुपए निकालकर ले जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से काले रंग की एक एयर गन, एक कैंची और 1250 रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साईं नगर कैंप-01 निवासी जैकी जायसवाल (31) ने 23 अक्टूबर को छावनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 22 अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे वह साक्षरता चौक के सामने देशी कंपोजिट शराब भट्टी स्थित आहाते में बैठकर ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान गोपी तिवारी वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए गल्ले में हाथ डालकर रुपए निकालने लगा। प्रार्थी ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने कथित तौर पर अपने पास रखी काले रंग की पिस्टलनुमा एयर गन दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह गल्ले से 5400 रुपए निकालकर मौके से फरार हो गया।

मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक पर कार्रवाई

भिलाई। शहर में तेज और कर्कश आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को अवंति बाई चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी एक आर-1 बाइक को पकड़ा गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही मौके पर ही बाइक से मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाकर जब्त कर लिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान अवंति बाई चौक पर जांच में बाइक में निर्धारित मानकों से अलग मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और कर्कश आवाज आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे वाहन ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ ही आसपास के लोगों की शांति और सुविधा को भी प्रभावित करते हैं।

योजना : जल संरक्षण के साथ मजदूर परिवारों को आर्थिक संबल

मौसमी नाले का 350 मीटर तक होगा पुनरुद्धार दीपावली से पहले गांव में मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





गुण्डरदेही विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरी में स्थित मौसमी नाले में 350 मीटर का पुनरुद्धार कार्य कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत पैरी निवासी कमल किशोर देशमुख ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि 'वीबी जीरामजी' के तहत जल संरक्षण और पुनरुद्धार के कार्य होने से गांव का चैतरफा विकास हो रहा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में जहां केवल 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके साथ ही दैनिक मजदूरी दर भी 261 रुपये से बढ़कर 300 रुपये तक हो गई है, जिससे मजदूर परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में पक्के मकान, गलियों का सीमेंटीकरण, पौधारोपण और जल संरक्षण जैसे कार्यों से ग्रामीणों के जीवन में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव आ रहा है। कार्यस्थल पर काम कर रहीं ग्राम पैरी की महिला श्रमिक तामेश्वरी साहू एवं खोमिन यादव ने बताया कि नाला पुनरुद्धार के तहत पहले सप्ताह झाड़ियों व कचरे की साफ-सफाई की गई और अब गहरीकरण हेतु गोदी खुदाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि दीपावली से पहले गांव में ही रोजगार मिलने से उनकी आर्थिक चिंताएं दूर हो गई हैं। वहीं खोमिन यादव ने महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि हर माह मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता राशि से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में मदद मिल रही है और अब नाले में काम मिलने तथा मजदूरी भुगतान होने से वे दीपावली पर्व पूरी धूमधाम व हर्षोल्लास से मना सकेंगी।

ग्रामीण आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि सामान्यतः इस समय रोजगार गारंटी के कार्यों का अभाव रहता था, लेकिन शासन द्वारा समय से पूर्व नाला निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य स्वीकृत होने से ग्रामीणों को काम की तलाश में कहीं बाहर नहीं जाना पड़ रहा है। दीपावली त्योहार से पहले गांव में ही सम्मानजनक काम और समय पर निश्चित मजदूरी भुगतान ने मजदूरों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। ग्राम पैरी के श्रमिक कमल किशोर देशमुख, आशीष कुमार सिन्हा, तामेश्वरी साहू और खोमिन यादव सहित सभी कामगारों ने दीपावली त्योहार से ठीक पहले रोजगार उपलब्ध कराने पर आभार प्रकट किया है।

वीसी बैठक में दिए निर्देश, चक्रवात को लेकर प्रशासन अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंगाल की खाड़ी में उठे संभावित चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं और भारी बारिश की आशंका को देखते हुए राज्य शासन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में शामिल हुईं। बैठक में 27 से 29 अक्टूबर तक चक्रवात से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से जनहानि रोकने, संवेदनशील क्षेत्रें में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर हरिवंश सिंह मिरी, नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिले के पांच कलाकारों को मिला राज्य अलंकरण दाऊ रामचन्द्र देशमुख सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- लोककला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धमतरी में किया गया सम्मानित, फिरतुटोला की लोक गायिका हर्षिता ने बढ़ाया जिले का मान

जिले के प्रतिभाशाली कलाकारों ने लोककला और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए राज्य स्तरीय सम्मान हासिल किया है। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में 25 अक्टूबर रविवार को धमतरी के गोंडवाना भवन में आयोजित समारोह में कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान देने वाले कलाकारों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण दाऊ रामचन्द्र देशमुख सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इनमें डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम फिरतुटोला (नंगुटोला) की नवोदित लोक गायिका हर्षिता कोठारी सहित बालोद जिले के कलाकार शामिल रहे। समारोह में भारतीय दलित साहित्य अकादमी की संरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि एवं प्रांताध्यक्ष प्रो. जीआर बंजारे 'ज्वाला' के करकमलों से कलाकारों को सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित कलाकारों में ग्राम धनगांव के द्वारिका प्रसाद कश्यप (तबला वादन), ग्राम जगन्नाथपुर साकरा के विनोद कुमार यादव (लोकनृत्य, शहनाई एवं बांस वादन), ग्राम भोईनापार के संतराम आसनिक (अभिनय एवं गीत लेखन), ग्राम सुरेगांव के पुरनलाल महादेवा (उद्घोषणा एवं अभिनय), जुन्नापानी चिखलाकसा के चंदूलाल पटेल (तबला एवं नाल वादन तथा नाचा प्रबंधन) और ग्राम फिरतुटोला की हर्षिता कोठारी (लोक गायन) का नाम शामिल है।

सामान्य सभा की बैठक को आगामी आदेश तक स्थगित

बालोद। मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जिले में आगामी तीन दिनों के लिए जारी किए गए भारी वर्षा तथा प्रतिकूल मौसम के अलर्ट को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार, 27 अक्टूबर को जिला पंचायत सभागार में प्रातः 11 बजे से प्रस्तावित सामान्य सभा की बैठक को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। कार्यालय जिला पंचायत बालोद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संभावित आपदा और प्रतिकूल मौसम की स्थिति से निपटने के लिए समस्त प्रशासनिक अमले और विभागीय अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में निरंतर संलग्न रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की इस आपातकालीन और महत्वपूर्ण व्यस्तता के चलते बैठक को फिलहाल टालना पड़ा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रें में शासकीय योजनाओं के सुचारू संचालन और सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सामान्य सभा की अगली बैठक की नई तिथि की सूचना जल्द ही पृथक से जारी की जाएगी।

जमही टोल प्लाजा पर 20 किमी दायरे के वाहन मालिकों को निःशुल्क आवागमन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



- रतिराम कोसमा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात, एनएचएआई अधिकारियों से चर्चा के निर्देश

कुसुमकक्षा । जमही टोल प्लाजा पर टोल वसूली शुरू होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और वाहन मालिकों को राहत दिलाने की मांग तेज हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतिराम कोसमा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को नियमानुसार निःशुल्क आवागमन की सुविधा देने की मांग की।

रतिराम कोसमा ने कहा कि दल्लीराजहरा, कुसुमकसा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रोजगार, व्यापार, शिक्षा और अन्य जरूरी कार्यों के लिए नियमित रूप से इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। ऐसे में बार-बार टोल शुल्क देना स्थानीय लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। उन्होंने मांग की कि स्थानीय वाहन मालिकों को राहत देने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों के वाहनों के लिए मासिक पास की व्यवस्था के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस विषय पर कलेक्टर ने तत्काल एनएचएआई अधिकारियों को बुलाकर चर्चा करने के निर्देश दिए, ताकि नियमानुसार उचित समाधान निकाला जा सके। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रवि जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक बॉम्बेश्वर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री युवराज साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, कुलदीप नोन्हारे, सचिव अनूप बॉम्बेश्वर, संजय सिंह और उपाध्यक्ष कृष्णा यादव उपस्थित रहे।

कांग्रेस डूबती नाव, जनता नकार चुकी, अब ईवीएम को दोषी बता रहे कांग्रेस पार्टी के नेता : ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वित्त मंत्री ओपी चौधरी पृथ्वी पैलेस अंजोरा में टैक्स बार एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस चुनाव जीती तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नया कुर्ता सिलवाकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन 2023 में हार मिली तो ईवीएम खराब होने की बात होने लगी। कांग्रेस की राजनीतिक विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। कांग्रेस डूबती नाव है और जनता उसे लगातार नकार रही है। उन्होंने कहा कि भारत को फ्रांस, नेपाल या बांग्लादेश बनाने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां सरकारों का चुनाव संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से होता है। उन्होंने एसआईआर पर कहा कि इस पर संवाद की जरुरत है, कांग्रेस संवाद से भाग रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देश के आर्थिक इतिहास का सबसे बड़ा कर सुधार है। जीएसटी ने देश की जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाया है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिली है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है

बांग्लादेशियों की तलाश तेज, 32 हजार लोगों की जांच के बाद 250 शार्टलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- बांग्लादेशियों की तलाश में पश्चिम बंगाल पहुंची दुर्ग पुलिस की एसटीएफ टीम

दुर्ग जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के लिए दुर्ग पुलिस ने जांच अभियान तेज किया है। इसी कड़ी में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ टीम ने करीब 32 हजार व्यक्तियों के स्कैन किए गए डेटा का विश्लेषण किया। इसमें से 250 से अधिक व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। संबंधित व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाने और उसका सत्यापन करने के लिए एसटीएफ टीम ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्रवाई की। दुर्ग पुलिस एसटीएफ की टीम ने मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों में सर्च और डेटा संकलन की कार्रवाई की। इस दौरान चिन्हित व्यक्तियों से संबंधित उपलब्ध जानकारियों का संकलन और दस्तावेजीकरण किया गया। पुलिस अब एकत्रित रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण कर रही है। पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से निवासरत विदेशी नागरिकों की पहचान के उद्देश्य से उपलब्ध तकनीकी डेटा की जांच की गई। लगभग 32 हजार व्यक्तियों के रिकॉर्ड का परीक्षण करने के बाद 250 से अधिक व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए चुना गया। हालांकि, पुलिस की ओर से जारी जानकारी में इन व्यक्तियों के अवैध प्रवास की पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल उनकी पहचान और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

4 नवंबर को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

- कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई विभागों के कामकाज पर चर्चा

बालोद। जिला पंचायत बालोद के सभागार में आगामी 4 नवंबर को प्रातः 11 बजे से सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

बैठक में कृषि, सहकारिता, विपणन एवं बीज निगम विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही वन, खाद्य, विद्युत और जल संसाधन विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा होगी। खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी आकलन किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागों के कार्यों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रें में आम जनता को मिल रहे लाभ से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसका उद्देश्य विकास कार्यों में गति लाना, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है।

बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, क्षेत्र के सांसद एवं विधायक तथा संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त सभापति की अनुमति से अन्य आवश्यक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। जिला पंचायत की इस बैठक के माध्यम से ग्रामीण विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और महिला सुरक्षा की दी जानकारी

पुरूर स्कूल में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पर जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





- बाल विवाह, बाल श्रम और बाल संरक्षण कानूनों पर चर्चा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुरूर में 'मिशन वात्सल्य' एवं 'मिशन शक्ति' के तहत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के प्रति सजग कर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल विवाह की रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम तथा बाल संरक्षण से जुड़े विषयों की सारगर्भित जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012), किशोर न्याय अधिनियम 2015, किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए 'चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098' तथा 'महिला हेल्पलाइन नंबर 181' के उपयोग की जानकारी दी गई और किसी भी आपात परिस्थिति अथवा शोषण की स्थिति में तत्काल इन नंबरों पर संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैनर एवं पोस्टरों के जरिए सुरक्षित वातावरण निर्माण तथा बच्चों के सवांगीण विकास में समाज की भूमिका पर बल दिया गया। इस अवसर पर विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी उत्तम कुमार साहू, विद्यालयीन स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष

प्रधानमंत्री के पिता ...

के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेई के बाप का नाम पूछा था। पूरे छत्तीसगढ़ में 11 की 11 लोकसभा सीट कांग्रेस हार गए थी इस बात को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को ध्यान रखना चाहिए और सोच समझकर बयान देना चाहिए हम लोग यह बयान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कर रहे हैं संगठन ने कहा है कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस विवादास्पद टिप्पणी से छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग के समाज में आक्रोश व्याप्त है कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगर छत्तीसगढ़ दौरा करते हैं तो उनका लोकतांत्रिक तरीके से पुर जोर विरोध किया जाएगा

बिजली जनांदोलन ...

आशंका उत्पन्न होती है, तो यह पूरे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अनिला भेड़िया ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आने के बाद जिस प्रकार मिलीभगत से फैसले लिए गए, उसने आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भेड़िया ने महतारी वंदन योजना में नए हितग्राहियों को शामिल नहीं करने और लाभार्थियों की संख्या में कमी को लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगा। संजारी बालोद विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि हाल ही में जब देश इंडियन एक्सप्रेस में यह खुलासा हुआ, तो पूरा देश स्तब्ध रह गया। आयोग के ही दो सदस्य यह आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने 14 बार आपत्तियां दर्ज कराईं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई और अंततः उन्हें कैबिनेट सचिव को पत्र लिखना पड़ा। हालांकि उन्हें राष्ट्रपति को पत्र लिखना चाहिए था। परंतु देश की शीर्ष निर्वाचन संस्था की यह नौबत आ जाना बेहद चिंताजनक है। यदि निर्वाचन आयोग ही निष्पक्ष नहीं रहेगा, तो लोकतंत्र कहाँ बचेगा? उन्होंने हाल ही में बालोद में एक पुलिसकर्मी की बेटी पर हुए एसिड अटैक की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के बाद पूरा देश ज्ञानेश कुमार से पूछ रहा है कि अब कोई शर्म बची हुई है आपकी? निषाद ने कहा कि कांग्रेस सरकार में राज्योत्सव का मतलब होता था छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान। हमारे लोक कलाकार, हमारी पंडवानी, हमारा करमा, ददरिया, हमारे गायक, गायिकाओं को सबसे बड़ा मंच मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार में बॉलीवुड के बाहरी कलाकार बुलाये जा रहे हैं।

एआईसीसी आब्जर्वर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को हस्तक्षेप कर ज्ञानेश कुमार का तत्काल इस्तीफा करवाना चाहिए। राजेश ठाकुर ने 1 नवंबर को बालोद जिले के समस्त कांग्रेसजनों से दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल राष्ट्रीय रैली में शामिल होने का आव्हान किया। बैठक का संचालन महामंत्री भोजराज साहू ने एवं आभार प्रदर्शन कृष्णा दुबे ने किया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण रत्ती राम कोसमा, अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, राजकुमार प्रभाकर, कचरू साहू, जीवन बंदे, संजीव चौधरी सहित जिला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप



जनदर्शन में दो हितग्राहियों को मौके पर मिले श्रवण यंत्र

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नैकुरा के आनंदराम पोया, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम राहुद की सुष्मा बाई एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला के पूर्णिमा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चुल्हापथरा की हेमिन बाई ने राशन कार्ड में सुधार करने, ग्राम कजराबांधा के उमेश कुमार ने स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। दल्लीराजहरा के शिव कुमार ने जन्म प्रमाण पत्र में तिथि सुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह जनदर्शन में विभिन्न ग्रामों से पहुँचे आमजनों ने भी अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए, जिस पर विधि सम्मत कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भानपुरी के मुकुंद राम यादव एवं सुखचैन यादव ने कम सुनाई देने की समस्या पर श्रवण यंत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रकरण का तत्काल निराकरण कराया गया। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने हितग्राही मुकुंद राम यादव एवं सुखचैन यादव को श्रवण यंत्र प्रदान किया। जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रयास आवासीय की मेरिट चयन सूची जारी

बालोद। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 'मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना' के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026–27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसिलिंग के प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रमानुसार चयन सूची जारी कर दी गई है। जारी चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

बालोद। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से जिले में 27 से 29 अक्टूबर तक भारी से अति भारी बारिश और तेज हवा चलने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक एहतियाती कदम उठाए हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षा एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाए रखने के लिए 27 से 30 अक्टूबर तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

आयोजन : रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान के माध्यम से समाजसेवा पर जोर

जिला स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला एवं बालोद ब्लॉक के तत्वाधान में जिला स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण डॉ जे.पी.शर्मा थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख ने किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विधानसभा गुण्डरदेही वीरेंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, चेयरमैन इंडिया रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ तोमन लाल साहू, प्रदेश संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ डॉ देवेंद्र कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक कल्याण संघ रायपुर डॉ ह गंजीर, प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक कल्याण संघ रायपुर डॉ गजेंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा जिला बालोद मोना टुवानी, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर थे।

- चिकित्सा सेवाओं में योगदान देने वाले चिकित्सकों का किया गया सम्मान





जेपी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में चिकित्सा क्षेत्र के प्रति सम्मान और विश्वास को मजबूत करते हैं। प्रदेश संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ डॉ देवेंद्र कश्यप ने कहा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में चिकित्सको का योगदान रहता है, ऐसे चिकित्सकों को जरूर सम्मान मिलना चाहिए और ऐसे सम्मेलन एवं सम्मान समारोह चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों के कार्योंर् को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ आपसी समन्वय अनुभव प्रदान और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का अवसर प्राप्त होते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा सभी चिकित्सकों को संगठन में रहकर काम करना चाहिए तब हम लोग मजबूती से काम कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू ने कहा हम लोग संघ के माध्यम से रचनात्मक कार्यक्रम रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाते हैं, हमारे निजी चिकित्सक संघ की मुखिया डॉ हरिकृष्ण गंजीर अब तक 46 बार रक्तदान कर चुके है एवं बहुत से चिकित्सक लोगों ने भी रक्तदान किया है, हम उसे बधाई देते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ परदेसी राम ठाकुर और डॉ रोहित कुमार साहू ने किया, आभार अध्यक्ष ब्लॉक बालोद डॉ धर्मेंद्र कुमार साहू ने किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ बीआर साहू, जिला कोषाध्यक्ष डॉ बलराम साहू, डॉ भूपेंद्र देशमुख, डॉ विनय साहू, डॉ गुमान सिंह साहू, डॉ सुरेंद्र सोनी, डॉ सी आर साहू, डॉ एके शेरवानी, डॉ भूपेंद्र नागे, डॉ नरेंद्र कुमार साहू, डॉ अभिषेक योगी, डॉ जितेंद्र कुमार गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर डॉ लीलाराम बनपेला, कोषाध्यक्ष डॉ हेमंत ग्वालेंद्र, डॉ नरोत्तम साहू, डॉ टोडरमल साहू, डॉ देवा सार्वा, डॉ प्रकाश साहू, डॉ उम्मेद निषाद, डॉ देवव्रत यादव, डॉ नरेंद्र राम साहू, डॉ टोडरमल साहू, डॉ पिल्लू राम साहू, डॉ मांडवी, डॉ दीनदयाल गजपाल, डॉ केएल साहू, डॉ सुरेंद्र देशमुख, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ यादव राम सपह, डॉ पुनेश्वर प्रसाद साहू, डॉ उत्तम कुमार, डॉ भूपेंद्र देशमुख एवं जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सभी ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कुर्मी आइडल नृत्य के ऑडिशन में 62 कला साधकों ने दिखाया हुनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित कूर्मि आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 के लिए 25 अक्टूबर, रविवार को ग्राम कुथरेल स्थित चंद्राकर भवन में ऑडिशन आयोजित किया गया। इसमें समाज के 62 कला साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें 6 समूह तथा 22 एकल-युगल प्रतिभागी शामिल रहे। ऑडिशन में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन का उद्देश्य समाज की नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनकी कला को प्रोत्साहित करना है।

19 दिसंबर को होगा मुख्य आयोजन

ज्ञात हो कि कूर्मि आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 का मुख्य आयोजन 19 दिसंबर, शनिवार को शाम 6 बजे से 36 फोर्ट, कोलिहापुरी, जिला दुर्ग में होगा। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के 16वें प्रांतीय महाअधिवेशन एवं 25वें कूर्मि संझा रजत जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा।

1 नवंबर को भिलाई में अगला ऑडिशन: प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए अगला ऑडिशन 1 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कूर्मि भवन, राधिका नगर, भिलाई में आयोजित होगा। ऑडिशन में भाग लेने के लिए मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक नकद पुरस्कार

प्रतियोगिता में समूह वर्ग के प्रथम से पंचम स्थान तक के विजेताओं को क्रमशः 21,001, 15,001, 11,001, 7,001 और 5,001 रुपये नकद पुरस्कार के साथ विनर शील्ड प्रदान की जाएगी। वहीं एकल-युगल वर्ग में प्रथम से पंचम स्थान तक के प्रतिभागियों को क्रमशः 7,001, 5,001, 4,001, 3,001 और 2,001 रुपये नकद पुरस्कार के साथ विनर शील्ड दी जाएगी।

समाज के पदाधिकारियों ने किया सहयोग

ऑडिशन कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष, श्रम कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, संयोजक प्रदीप देशमुख कोठिया, प्रभारी आशीष दिल्लीवार, सहप्रभारी मनीष देशमुख एवं कमलेश देशमुख सहित सागर देशमुख, भावेश चंद्राकर, ललित वर्मा, गिरीश हरमुख, कुमलाल देशमुख, शुभम देशमुख और इन्द्रजीत देशमुख ने सहयोग प्रदान किया। आयोजकों को उम्मीद है कि आगामी ऑडिशन में भी समाज के प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



कोटगांव में स्थानापन्न सरपंच द्रोण देशमुख ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत कोटगांव में अविश्वास प्रस्ताव के द्वारा सरपंच को हटाए जाने के बाद रिक्त पद पर स्थानापन्न सरपंच ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया।

करारोपण अधिकारी गुण्डरदेही ने पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर उपसरपंच व स्थानापन्न सरपंच का प्रभार लेने वाले द्रोण देशमुख सहित 9 पंच उपस्थित थे तथा सरपंच, सरपंच पति जो पंच भी है व एक पंच नदारद थे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व पंचों ने द्रोण देशमुख के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें स्थानापन्न सरपंच बनाया था, इसी तारतम्य में प्रशासनिक अधिकारियों ने पंचायत पहुंचकर उन्हें पदभार दिलाया।

आज की कार्रवाई में खास बात यह रही कि सरपंच देवेश्वरी साहू व सरपंच पति देवेंद्र साहू तथा एक अन्य पंच गायब रहे। अविश्वास प्रस्ताव में मतदान के दौरान भी सरपंच, सरपंच पति व एक पंच ने प्रस्ताव के खिलाफ में मत दिया था।

बगदई स्कूल में बालिका शौचालय निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बालिकाओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत ग्राम पंचायत बगदई स्कूल में बालिका शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जनपद सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू ने कहा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देना हम सबकी जिम्मेदारी हैं।

जनपद पंचायत गुरूर की सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्रओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। जनपद पंचायत सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालयों में बालिका शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से छात्रओं को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि छात्रओं द्वारा अपने लिए निर्मित होने वाले शौचालय के भूमिपूजन में सहभागिता करना महिला सशक्तीकरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रेरक संदेश है। कार्यक्रम में जनपद सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू, सरपंच सुनीता शिवेंद्र, उपसरपंच गौकरण कलिहारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, सचिव नीलांबर बंजारे, रोजगार सहायक झमेश कुमार, पंच छबील राम, रेखा सिहारे, सुशीला चनापे, सीमा विश्वकर्मा, नारद साहू प्रधानपाठक लोकनाथ पावर शिक्षक हरीश साहू, प्रधानपाठक गुरुपंच, झरिया, भारतीकुंजल गवारे एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



जन्मदिन पर न्योता भोज कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जनपद पंचायत गुरुर की सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू ने अपनी बहू कुमकुम साहू के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम बगदई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। सभापति ने अपने परिवार के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचकर बच्चों के बीच बहू कुमकुम साहू का जन्मदिन मनाया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को भोजन वितरित किए गए, कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा पांडेय, सहायिका लीला बाई नायक, सरपंच सुनीता शिवेंद्र एवं ग्रामीण महिला उपस्थित थे। सभापति लता साहू ने कहा कि बच्चों की मुस्कान से बड़ा कोई आशीर्वाद नहीं, हमने सोचा कि इन नन्हे बच्चों के साथ मनाया जाए, इससे बच्चों को पोषण भी मिलेगा और खुशी भी। कुमकुम साहू ने कहा कि सासू माँ द्वारा दिया गया यह तोहफा उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक जुड़ाव और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। शासन की न्योता भोज योजना को भी इससे बढ़ावा मिल रहा है।

बीईओ पिस्दा ने किया स्कूलों का निरीक्षण विद्यार्थियों के पठन स्तर को परखा

प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार पिस्दा ने संकुल लाटाबोड़ अंतर्गत विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों के पठन स्तर, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया और शिक्षकों को दिशा–निर्देश दिए।

राजेश कुमार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ प्रातःकालीन प्रार्थना में शामिल हुए तथा समय पर विद्यालय आने, अनुशासन बनाए रखने और नियमित रूप से प्रार्थना सभा आयोजित करने पर जोर दिया।

कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से तिमाही परीक्षा में प्राप्त अंकों की जानकारी ली और सभी विषयों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बीईओ ने संस्कृत विषय का कालखंड भी लिया।

कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी लेकर आगामी छमाही परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने तथा कमजोर विषयों में सुधार करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने दिसंबर तक पाठ्यक्रम पूरा करने और विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवक्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। बीईओ ने कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों का पठन स्तर एवं पहाड़ा ज्ञान भी परखा। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवक्ता तथा संचालक और रसोइयों के वेतन संबंधी जानकारी ली।

इसके पश्चात संकुल केंद्र खपरी में आयोजित संकुल बैठक में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बीईओ राजेश कुमार पिस्दा ने प्रशस्ति पत्र एवं कॉपियां प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीएसी खपरी हिलेश्वर देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान सीएसी लाटाबोड़ लोमस कुमार साहू, सीएसी देवारभाट लाल रघुवीर सिंह ठाकुर सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

संत निरंजन महाराज ने ध्रुव चरित्र और नृसिंह अवतार की कथा सुनाई, उमड़े श्रद्धालु



अंडा। रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन सोमवार को प्रख्यात भागवताचार्य संत श्री निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, भगवान नृसिंह अवतार एवं भक्त प्रह्लाद के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में धर्मलाभ प्राप्त किया।

ध्रुव चरित्र से मिली अटूट भक्ति की प्रेरणा: कथा के दौरान महाराज जी ने बालक ध्रुव की तपस्या और भगवान के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि दृढ़ संकल्प, सच्ची लगन और भक्ति के बल पर मनुष्य कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। ध्रुव ने अपनी तपस्या से भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और ध्रुव पद प्राप्त किया। भगवान नृसिंह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने भक्त प्रह्लाद की अटूट आस्था का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हिरण्यकशिपु के अत्याचारों के बावजूद प्रह्लाद ने भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। अपने भक्त की रक्षा और अधर्म के अंत के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकशिपु का वध किया। महाराज जी ने कहा कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है। भगवान अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और अहंकार एवं अधर्म का अंत निश्चित है।

शारीरिक, मानसिक स्वच्छता, माहवारी और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

टटेंगा स्कूल में जनसंख्या शिक्षा के तहत स्वच्छता जागरूकता पर रोल प्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जीवन कौशल का विकास करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शालेय स्तर पर रोल प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं एससीईआरटी रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य टीएल देवांगन के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य टीएल देवांगन ने कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा



कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित नियमावली, समय-सीमा और प्रतिभागियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता जागरूकता विषय पर रोल प्ले प्रस्तुत किया गया। वर्तमान परिवेश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रंथपाल भागवत साहू एवं विज्ञान के सहायक शिक्षक रवि देवांगन ने कहा कि स्वच्छता का अर्थ केवल शरीर को स्वच्छ रखना नहीं है, बल्कि विचारों में स्वच्छता बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। स्वच्छ आदतें और सकारात्मक सोच स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता हर्षा देवांगन के मार्गदर्शन में कक्षा नवमी की छात्रा डिलेश्वरी, पूजा सेन, नीरज साहू, देविका गांवरे, यसी सुधाकर एवं याचना देवांगन ने रोल प्ले के माध्यम से शारीरिक स्वच्छता, हाथ धुलाई, माहवारी के दौरान स्वच्छता, मानसिक स्वच्छता, वातावरण की स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने सरल एवं रोचक अभिनय के माध्यम से स्वच्छता की आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में वेद साहू, महेश राउटे, निर्मला निर्मलकर एवं अनुराधा खरे उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देवनाथ, रेशमी साहू, पावन सिन्हा, हेपशिबा एन्थोनी, अजय पाठक, रीना बोरकर, चंद्रा प्रकाश सोनबोइर, सुरेंद्र नेताम एवं कुंदन यादव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कार्यक्रम के लिए बधाई दी।



खबर संक्षेप

24 परिसमापनाधीन सहकारी समितियों को अंतिम नोटिस

बालोद। उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बालोद द्वारा जिले की गुण्डरदेही, गुरूर और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 24 परिसमापनाधीन (बंद होने की प्रक्रिया में चल रहीं) सहकारी समितियों के सदस्यों, पदाधिकारियों, लेनदारों और देनदारों के लिए आधिकारिक सूचना जारी की गई है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इन समितियों से जुड़े सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना हिसाब और लेन–देन स्पष्ट करने का यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। 60 दिनों के भीतर सभी संबंधितों को अपने दावे, लेनदारी–देनदारी और अन्य वैध प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। कार्यालयीन समय में, कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, जिला बालोद में दस्तावेज जमा किए जा सकते हैं। प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न समितियों हेतु अलग–अलग परिसमापकों और सहायक निरीक्षकों की ड्यूटी तय की गई है।

सट्टा खिलाने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

भिलाई। उतई पुलिस ने ग्राम डुमरडीह में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे का हिसाब दर्ज कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 5,560 रुपए बताई गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना उतई पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डुमरडीह के बड़े पारा में वार्ड 7 स्थित जैतखाम के पास दिनेश कुमार चेलक अंकों पर रुपए-पैसों का हार-जीत का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दिनेश कुमार चेलक (43) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से विभिन्न अंकों पर लगाए गए दांव और लेनदेन का विवरण दर्ज एक कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

गुटखा खाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट

भिलाई। बोरिया गेट के पास चाईना मार्केट भिलाई में गुटखा खाकर थूकने का विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर भट्ठी थाना पुलिस ने रवि सोनकर और उसके अन्य दो साथी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोशन कुमार बंजारे (32 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि वे सड़क-ईएमआर सेक्टर 4 का निवासी है। रविवार को सुबह करीब 11 बजे बोरिया गेट चौक के पास स्थित चाईना मार्केट भिलाई में घरेलु सामग्री खरीदने गया हुआ था। फल ठेला में फल खरीद रहा था कि एक लड़का गुटका खाते हुए पैर में थूक दिया। विरोध करने पर रवि सोनकर और उसके साथियों ने गालीगालौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। इससे प्रार्थी के होठ, दाहीने तरफ आंख के नीचे, बांए पैर, गर्दन में चोट आई है।

घटना : जिला अस्पताल के ढचर-ढचर रवैये से बढ़ी परेशानी

जानलेवा रफ्तार से महीनेभर में 32 सड़क दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत, 25 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं, जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह मे अब तक जिले में 32 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। शनिवार शाम हिरापुर मोड़ के पास कार और बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत का मामला सामने आया था। इस घटना के ठीक एक दिन बाद हीरापुर के निकट रामघाट पुल के पास सोमवार सुबह फिर एक कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक को देखकर टक्कर की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में बाइक सवार कृष्णा कुमार की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, दुर्घटना में उन्हें शारीरिक चोट के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। इसके बाद जब उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। कृष्णा कुमार सोमवार सुबह रोजाना की तरह अपने गांव से झलमला की ओर से बालोद काम पर आ रहे थे, इसी दौराट पुल के पास उनकी बाइक की एक कार से जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कृष्णा कुमार टक्कर के बाद कुछ दूर जाकर गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोट नहीं आई।

- जिला अस्पताल में घायल को व्हीलचेयर से ले जाने के लिए कर्मचारी नहीं मिलने का आरोप

घटना के बाद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि उन परिवारों की पीड़ा भी बयां करते हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है या गंभीर नुकसान झेला है। सड़क हादसे में घायल कृष्णा कुमार को जब उनके परिचित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, आरोप है कि घायल को व्हीलचेयर पर बैठाकर उपचार के लिए ले जाने के लिए अस्पताल की ओर से तत्काल कोई कर्मचारी आगे नहीं आया। ऐसे में उनके साथ आए साथी को ही व्हीलचेयर संभालकर उन्हें उपचार के लिए ले जाना पड़ा।

जमही टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली शुरू

सड़क की खामियों पर दो ठेकेदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय राजमार्ग–930 मे बालोद–दल्लीराजहरा मार्ग पर ग्राम जमही के पास बने टोल प्लाजा में 25 अक्टूबर से शुल्क वसूली प्रारंभ हो गई है। इधर, इसी राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित शेरपार–मानपुर–कोहका सड़क के निर्माण और रखरखाव में खामियां सामने आने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण और जांच में सड़क निर्माण की गुणवक्ता, रखरखाव, सड़क सुरक्षा तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यों को लेकर गंभीर कमियां पाए जाने पर दो ठेकेदारों को नोटिस जारी किए जाने के समाचार है। दोनों से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। मामले में विभाग ने केवल ठेकेदारों तक कार्रवाई सीमित नहीं रखी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परफॉर्मेंस गारंटी अवधि में सड़क की सतह को हुए नुकसान और रखरखाव में लापरवाही को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग बालोद के सभी छह उप अभियंताओं को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जमही टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली शुरू होने के साथ ही वाहन चालकों पर अतिरिक्त खर्च का भार पड़ेगा। दूसरी ओर, शेरपार–मानपुर–कोहका सड़क को लेकर विभागीय जांच और नोटिस की कार्रवाई यह संकेत देती है कि सड़क की गुणवक्ता और रखरखाव के मुद्दे को गंभीरता से लिया जा रहा है।

चक्रवाती तूफान के असर से भारी बारिश की आशंका

कलेक्टर ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रें में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए बालोद जिला प्रशासन सतर्क है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने, जन–धन की सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों तेज कर दी गई है। प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पूर्व में अतिवृष्टि से प्रभावित जिले के 61 गांवों को विशेष रूप से चिन्हांकित किया गया है। इन गांवों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित और सतर्क रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। संभावित अतिवृष्टि को ध्यान में रखते हुए निचले क्षेत्रें, नदी–नालों के आस पास तथा जलभराव की आशंका वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है इसलिए संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने, जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने तथा राहत एवं बचाव कार्योंर् के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, आपात स्थिति में प्रभावित नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने और आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। किसी भी आपात स्थिति, बाढ़ या अतिवृष्टि से संबंधित सूचना के लिए नागरिक कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले में हेल्पलाइन नंबर डायल 112 के 12 वाहनों को विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रें में तत्काल सहायता और राहत एवं बचाव कार्य पहुंचाया जा सके। जिले में राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, पंचायत, स्वास्थ्य, लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करना महत्वपूर्ण है। बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव, आवागमन में बाधा, बिजली आपूर्ति में व्यवधान और अन्य संभावित समस्याओं को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करें, अनावश्यक रूप से नदी–नालों, जलभराव वाले क्षेत्रें और तेज बहाव वाले रास्तों के पास न जाएं। बारिश के दौरान बिजली के खंभों, खुले तारों तथा जर्जर भवनों से दूर रहें।

खेतों में काम करने वाले किसान भी मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतें। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार संभावित प्राकृतिक आपदा के दौरान जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत एवं बचाव व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें तथा आपदा प्रबंधन संबंधी दिशा–निर्देशों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने उठाए निर्वाचन व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी बालोद ने पत्रकारवार्ता का आयोजन कर देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे और मतदाता सूची की स्वतंत्र जांच की मांग

प्रेसवार्ता मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आब्जर्वर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का सवाल केवल विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तक सीमित नहीं है। कांग्रेस ने कई चुनावों के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने की प्रक्रिया, दोहरे पंजीकरण, निर्वाचन संबंधी आंकड़ों की पारदर्शिता, ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर लगातार सवाल उठाए हैं। उन्होने कहा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस ने विभिन्न अवसरों पर मतदाता सूची एवं चुनाव संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए, कांग्रेस का कहना है कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है।

उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियाद है इसलिए आयोग के कामकाज से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों का जवाब तथ्यों और दस्तावेजों के माध्यम से दिया जाना चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे तथा मतदाता सूची से जुड़ी कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच की मांग की है। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में किए गए बदलावों पर भी सवाल उठाए हैं। पार्टी का तर्क है कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ऐसी व्यवस्था आवश्यक है, जिसमें सत्तारूढ़ सरकार का अनुचित प्रभाव न हो और चयन प्रक्रिया में संस्थागत संतुलन बना रहे।

गुंडरदेही में तीन नागरिक बने पुलिस मितान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हेलमेट देकर किया सम्मानित



गुण्डरदेही पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करने तथा सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देकर दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पत्रकार सुनील शर्मा एवं एक्सीडेंट में घायलों का सहयोग करने वाले टिकेश्वर यादव को पुलिस मितान बनाया गया। इस अवसर पर तीनों को हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद और यातायात व्यवस्था में योगदान की सराहना

सड़क दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा जिसे गोल्डन आवर कहा जाता है, घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने से उसकी जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। गुण्डरदेही पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएं, तत्काल पुलिस को सूचना दें तथा आवश्यकतानुसार एंबुलेंस बुलाकर घायल को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक राह–वीर के रूप में प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। निर्धारित नियमों एवं पात्रता के अनुसार चयनित राह–वीर को 25,000 तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्ति को पीएम राहत योजना के अंतर्गत निर्धारित शर्तें के अनुसार दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। इसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना और आर्थिक परेशानी के कारण उपचार में देरी रोकना है। दुर्घटना की स्थिति में निकटतम निर्धारित अस्पताल की जानकारी और एंबुलेंस सहायता के लिए 112 पर संपर्क किया जा सकता है। गुण्डरदेही पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जनसेवा के इस अभियान में पुलिस मितान के रूप में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाना, दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं एंबुलेंस को देना, गांवों में यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक करना, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए लोगों को प्रेरित करना, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग कर आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं।

मेढ़की में शरद पूर्णिमा पर रावण दहन

वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेढ़की में वर्षोंर् से चली आ रही परंपरा के तहत शरद पूर्णिमा के दिन रविवार को रावण दहन किया गया। इसके पहले ग्राम मेढ़की के भवन से राम का दल टैक्टर में सवार होकर गाजे बाजे व आतिशबाजी और आंगा देव के साथ पुरे गांव का भ्रमण किया।

- रामदल ने गांव में निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

इस अवसर पर ग्रामीणों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेट किया। दशानन के पुतला दहन से पहले रामलीला के मंच पर राम–रावण के युद्ध का मंचन किया गया। पुतले में आग लगते ही मैदान जय श्रीराम जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। बता दे कि जहां देशभर में दशहरा पर रावण दहन किया जाता है तो वहीं ग्राम मेढ़की में शरद पूर्णिमा के दिन रावण दहन होता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम मेढ़की में शरद पूर्णिमा के दिन वर्षोंर् से चली आ रही रावण दहन की अनूठी परपंरा के तहत पुतला दहन से पहले रामलीला मंचन के दौरान राम–रावण की सेना में खूब युद्ध हुआ। जैसे ही भगवान राम का बाण रावण की नाभी में लगा वैसे ही वह धराशाई हो गया। रावण के धराशाई होते ही मैदान में खड़े रावण के प्रतीक के रूप में पुतले में आग लगा दी गई। मान्यता है कि राम–रावण का युद्ध अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को शुरू हुआ था। मेढ़की में मान्यता है कि करीब 8 दिन चले युद्ध के बाद राम ने रावण को दशहरा यानी दशमी को धराशाई किया था, लेकिन रावण ने शरद पूर्णिमा वाले दिन प्राण त्यागे थे। प्राण त्यागने से पहले रावण ने लक्ष्मण को ज्ञान दिया था। यहीं कारण है कि मेढ़की में सालों से चली आ रही परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। रावण दहन के बाद रात में मया के बँधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मासिक धर्म की स्वच्छता, शुरुआती लक्षण और समय पर उपचार के प्रति किया जागरूक

आनंद पब्लिक स्कूल में छात्राओं को दी गई कैंसर से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में छात्राओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस प्रबंधन समिति की सदस्य एनुका सार्वा ने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को कैंसर के कारण, शुरुआती लक्षण, उपचार और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं को बताया गया कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर चिकित्सकीय जांच से बीमारी का पता लगाने तथा उचित उपचार में मदद मिल सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, शरीर में होने वाले असामान्य बदलावों को नजरअंदाज नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के प्रति सही जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानपाठक नोम साहू एवं धनेश्वरी वर्मा ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। विशेष रूप से महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर के प्रति सजगता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। सही जानकारी, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर उपचार से बीमारी के जोखिम को कम करने तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए उचित कदम उठाने में सहायता मिलती है।

विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाना है, ताकि वे स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी जागरूकता का संदेश पहुंचा सकें। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से एनुका सार्वा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह की संगोष्ठियां विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जागरूकता ही बचाव की पहली सीढ़ी है।

